
राजस्थान पत्रिका, पृष्ठ नं: ०२, दिनांक: २८.०३.२०२४

नरेन्द्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में 7 मैच होंगे

# आईपीएल: 5 डे-नाइट मैचों के दौरान रात 12.30 बजे तक चलेगी मेट्रो ट्रेन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**अहमदाबाद.** गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (जीएमआरसी) ने आईपीएल के डे नाइट मैचों के दौरान अहमदाबाद में मेट्रो ट्रेन सेवाओं को रात 12.30 बजे तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। शहर के मोटेरा स्थित नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में 25 व 29 मार्च, 9 अप्रेल, 2 व 14 मई को आईपीएल के डे नाइट मैच खेले जाएंगे। वहीं 19 अप्रेल और 18 मई को दोपहर का मैच होगा। अहमदाबाद गुजरात टाइटंस का होम ग्राउंड है। अहमदाबाद में मेट्रो ट्रेन सेवाओं का वर्तमान समय सुबह 6.20 से रात 10 बजे तक का है। रात 10 बजे से 12.30 बजे तक विस्तारित समय के दौरान केवल मोटेरा स्टेडियम मेट्रो स्टेशन और साबरमती मेट्रो स्टेशन से मेट्रो ट्रेन में सवार हो सकेंगे। वहां से अहमदाबाद मेट्रो कॉरिडोर (मोटेरा से एपीएमसी और थलतेज गाम से वस्त्राल गाम) के किसी भी चालू मेट्रो स्टेशन पर जा सकेंगे।

**50 रुपए का विशेष पेपर टिकट :** जीएमआरसी ने मेट्रो ट्रेन के यात्रियों को असुविधा से बचाने के लिए आईपीएल मैच के दिन रात को मोटेरा स्टेडियम से वापसी यात्रा के लिए विशेष पेपर टिकट जारी किए हैं। विशेष पेपर टिकट का किराया 50 रुपए प्रति व्यक्ति होगा। इसका उपयोग विस्तारित अवधि के दौरान मोटेरा स्टेडियम और साबरमती मेट्रो स्टेशन से अहमदाबाद मेट्रो की दोनों लाइनों पर किसी भी चालू मेट्रो स्टेशन तक यात्रा के लिए किया जा सकेगा।

विशेष पेपर टिकटों के अलावा संपर्क रहित स्मार्ट टोकन, संपर्क रहित स्मार्ट कार्ड (जीएमआरसी ट्रैवल कार्ड और एनसीएमसी कार्ड), क्यूआर डिजिटल टिकट और क्यूआर पेपर टिकट के साथ प्रवेश भी नियमित किराए पर रात 10 बजे तक उपलब्ध रहेगा। कियोस्क, टोकन वेंडिंग मशीन, टिकट काउंटर, मोबाइल एप से अग्रिम रूप से खरीदे गए टिकट (क्यूआर/टोकन) रात 10 बजे के बाद मान्य नहीं होंगे।

मोटेरा स्टेडियम मेट्रो स्टेशन और साबरमती मेट्रो स्टेशन में रात 10 बजे के बाद प्रवेश के लिए केवल विशेष पेपर टिकट ही मान्य होंगे। मैच के दिन निरांत क्रॉस रोड, अपेरल पार्क, कालूपुर, ओल्ड हाईकोर्ट, थलतेज, मोटेरा, साबरमती, राणिप, वाडज और जीवराज मेट्रो स्टेशनों से विशेष पेपर टिकट पहले से खरीदे जा सकते हैं। ताकि वापसी में मोटेरा स्टेडियम मेट्रो स्टेशन पर टिकटों के लिए कतार में खड़े होने से बचा जा सके। मोटेरा स्टेडियम मेट्रो स्टेशन और गांधीनगर के बीच मेट्रो ट्रेन सेवाएं सामान्य रूप से जारी रहेंगी।

**हर 8 मिनट पर उपलब्ध होगी:** मैच के दिन अहमदाबाद में मेट्रो ट्रेनें हर 8 मिनट पर उपलब्ध रहेंगी। रात 10 से 12.30 बजे तक विस्तारित समय के दौरान मोटेरा स्टेडियम मेट्रो स्टेशन और साबरमती मेट्रो स्टेशन से हर 6 मिनट में मेट्रो ट्रेनें उपलब्ध रहेंगी। मोटेरा स्टेडियम मेट्रो स्टेशन से आखिरी ट्रेन रात 12.30 बजे रवाना होगी।